हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 11 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री



884 गांव के ग्रामीणों को मिलेगा आबादी भूमि का पट्टा, नक्शे का सत्यापन पूरा



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.C. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## कुल 736 अभ्यर्थी होंगे शामिल

# सीजीपीएससी की परीक्षा कल, जशपुर में दो परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन रविवार 12 जुलाई को किया जाएगा। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। जशपुर जिले में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 736 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिले में पहला परीक्षा केंद्र शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खजांची टोली, जशपुरनगर को बनाया गया है। यहां कुल 370 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दूसरा परीक्षा केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुरनगर, रणजीता स्टेडियम के पीछे बनाया गया है। यहां कुल 366 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा केंद्र

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी स्थायी निर्देशों के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस दौरान अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच, तलाशी एवं फ्रिस्किंग की जाएगी। साथ ही मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश पत्र का सत्यापन और अभ्यर्थी के चेहरे का मिलान भी किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश अथवा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय पहले अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

### मोबाइल, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर प्रतिबंध



### पहचान पत्र लाना अनिवार्य

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल निर्धारित सामग्री ही रखने की अनुमति होगी। इनमें छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा संबंधित परीक्षा के लिए जारी ऑनलाइन प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट, मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड अथवा ई-आधार कार्ड, लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल तथा काले अथवा नीले रंग का बॉलपॉइंट पेन शामिल है। यदि प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत मुद्रित हो, तभी उसे दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ साथ रखने होंगे। ऐसी विवरणात्मक परीक्षा, जिसमें चित्र बनाने की आवश्यकता हो, उसमें आयोग द्वारा एचबी पेंसिल के उपयोग की अनुमति होगी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, पेजर अथवा किसी भी प्रकार के संचार साधन रखने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच या अन्य संचार साधन पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध अनुचित साधन के उपयोग का प्रकरण दर्ज किया जा सकता है, चाहे अभ्यर्थी ने उस उपकरण का उपयोग किया हो अथवा नहीं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की घड़ी, चाहे वह मैकेनिकल हो या स्मार्टवॉच, पहनने की अनुमति नहीं होगी। नजर के चश्मे के अतिरिक्त गॉगल्स, गूगल या मेटा सहित अन्य डिजिटल चश्मे भी प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्र में जूते, मोटे सोल अथवा ऊंची हील वाले फुटवियर पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पल अथवा स्लीपर पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे।अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित रहेगा। कार्गो एवं डिजाइनर कपड़े पहनकर भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। सामान्य जींस पैंट एवं अन्य सामान्य पैंट पहनने की अनुमति रहेगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुन्नी-दुपट्टा पहन सकती हैं, लेकिन कुर्ती की बांह आधी होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाले ब्लाउज की बांह भी आधी होनी आवश्यक है। अभ्यर्थियों को कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। धर्म अथवा रिवाज के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिह्नों को छोड़कर अन्य आभूषण पहनना प्रतिबंधित रहेगा।

# अंधविश्वास ने छीनी मासूम की जान, सांप के डंसने से मौत



■ ढाई–तीन घंटे तक झाड़–फूंक में उलझे परिजन

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम दीवानपुर अखराडांड में अंधविश्वास एक बार फिर एक मासूम की जान पर भारी पड़ गया। करैत सांप के डंसने के बाद 4 वर्षीय कार्तिक मांझी, पिता मनबोध मांझी, को समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय करीब ढाई से तीन घंटे तक झाड़-फूंक कराई जाती रही। आखिरकार जब अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम कार्तिक अपने घर में भाई के साथ जमीन पर सो रहा था, जबकि परिजन पास में बैठे बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान करैत सांप ने बच्चे को डंस लिया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय पास के मोहल्ले भूदुपारा में रहने वाले गुरुवारू नामक व्यक्ति के पास झाड़-फूंक के लिए ले गए। बताया जा रहा है कि शाम करीब 6:30 बजे से रात 9 बजे तक लगातार झाड़-फूंक की जाती रही। जब बच्चे की हालत बिगड़ती गई और कोई फायदा नहीं हुआ, तब झाड़-फूंक करने वाले व्यक्ति ने भी असमर्थता जताई। इसके बाद परिजन बाइक से बच्चे को पत्थलगांव सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### हर मिनट महत्वपूर्ण

यह घटना एक बार फिर इस बात की चेतावनी है कि सर्पदंश जैसी आपात स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वास के भरोसे रहना जानलेवा साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार करैत जैसे विषैले सांप के काटने पर हर मिनट महत्वपूर्ण होता है और मरीज को बिना देर किए नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) उपचार दिलाना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** पीएमश्री शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनोरा का आकस्मिक निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने किया। इस दौरान उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा तरुण कुमार पटेल एवं प्रोग्रामर अरुण कुमार चंद्रा उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। लंबे समय से अनुपस्थित सहायक ग्रेड-3 बलदेव पैंकरा के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं अनुपस्थित व्याख्याता मधुरलता बंजारे एवं नैंसी तिर्की को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विद्यालय की अधोसंरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय एवं शौचालयों की नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु समितियों के गठन, विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर फिल्टर लगाने, मध्यान्ह भोजन भवन के दरवाजों एवं खिड़कियों पर सुरक्षा जाली लगाने, परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने तथा प्रार्थना सभा (असेंबली) के लिए मंच निर्माण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा कि ”हम विद्यालयों में केवल अधोसंरचना को ही मजबूत नहीं कर रहे हैं, बल्कि अनुशासन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रहे हैं, ताकि बच्चों के भविष्य से किसी प्रकार का समझौता न हो।

### जिले में को 174.3 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 10 जुलाई 2026 तक 2279.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2977.4 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 174.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 224.4 मिमी, मनोरा में 370.0 मिमी, कुनकुरी में 283.7 मिमी, दुलदुला में 184.0 मिमी, फरसाबहार में 130.0 मिमी, बगीचा में 159.2 मिमी, कोसाबेल में 206.5 मिमी, पत्थलगाँव में 239.9 मिमी, सन्ना में 328.5 मिमी एवं बागबहार में 153.2 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# आत्मानंद स्कूल बगीचा में मना शाला प्रवेश उत्सव



**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय बगीचा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

स्कूली बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, किताब वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पद्मश्री जागेश्वर राम, छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोनिका टोप्पो, जनपद पंचायत बगीचा की अध्यक्ष गायत्री नागेश उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष अग्रवाल, हरिनारायण शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा हरीश आरिक, महामंत्री राजकिशोर जयसवाल, पार्षद अनिमा टोप्पो एल्डरमैन हरिशंकर पैंकरा, युवा मोर्चा जिला मंत्री ऋत्विक जैन, अध्यक्ष शुभम जिंदल, सन्तोष गुप्ता एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। 9वी की बालिकाओं को साईकिल का वितरण किया गया। अतिथियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकार श्री टोप्पो, बीआरसी, सीएसी, मंडल संयोजक सहित प्राचार्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सेजस बगीचा, पी एम श्री कन्या आश्रम बगीचा, स्वामी रामकृष्ण आश्रम बगीचा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगीचा, कन्या माध्यमिक शाला बगीचा,बालक माध्यमिक शाला बगीचा के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

### इतिहास विषय के व्याख्याताओं का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत इतिहास विषय के व्याख्याताओं का एकदिवसीय विषय अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इतिहास विषय के अध्यापन को अधिक प्रभावी, रोचक एवं प्रयोगात्मक बनाना, विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा इतिहास के प्रति गहरी रुचि विकसित करना था। साथ ही इतिहास व्याख्याताओं को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए यह संकल्प दिलाया गया कि वे पूरे शैक्षणिक वर्ष अपने विद्यालय, विद्यार्थियों, समाज, राज्य एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन समिति के व्याख्याता राजेंद्र प्रेमी द्वारा प्रेरणादायी गीत ”शिक्षक तस्वीर बदलेंगे, इतिहास पढ़ेंगे इतिहास गढ़ेंगे, की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुआ। इस गीत ने उपस्थित सभी व्याख्याताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया।

### शिकायत पर जनपद सीईओ ने पुलिस को सौंपा प्रतिवेदन

# पालीडीह में गरीब महिला के पक्के घर का सपना टूटा



**पत्थलगांव।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पालीडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव की मूक-बधिर महिला असंती बाई के आवास की राशि मेट रात्रिका नंद सिदार ने योजनाबद्ध तरीके से अपनी साली के नाम पर आहरण कर लिया।

बताया जा रहा है कि असंती बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ था, लेकिन लाभार्थी तक राशि पहुंचने के बजाय कथित रूप से दूसरे के खाते से निकाल ली गई। जब इस पूरे खेल की भनक ग्रामीणों को लगी तो गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीण सीधे मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके श्रीवास के पास शिकायत लेकर पहुंचे। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने तत्काल मामले की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि मेट रात्रिका नंद सिदार द्वारा मूक-बधिर महिला के प्रधानमंत्री आवास की राशि का अनियमित तरीके से आहरण किया गया है। इसके बाद सीईओ ने बिना देर किए पत्थलगांव थाना में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रतिवेदन भेज दिया। मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके श्रीवास द्वारा की गई त्वरित और सख्त कार्रवाई की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि हर शिकायत पर इसी तरह निष्पक्ष कार्रवाई हो, तो सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

# दिव्यांग युवती से दुष्कर्म, आरोपी को उम्र कैद



**जशपुरनगर।** कुनकुरी थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी ने 9 जुलाई को आरोपी अब्दुल हमीद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सहित विभिन्न धाराओं में कठोर सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार 18 सितम्बर 2023 की सुबह पीड़िता घर से शौच के लिए निकली थी। लौटने के दौरान आरोपी ने उसका रास्ता रोककर स्वयं को दूसरे नाम से परिचित कराया और बहला-फुसलाकर अपनी बाइक में बैठा लिया। इसके बाद वह पीड़िता को सुनसान जंगल क्षेत्र में ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी और पीड़िता को रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। बाद में पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके आधार पर थाना कुनकुरी में तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया।प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं अन्य आवश्यक सामग्री जप्त की गई। मामले में पीड़िता एवं आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के कथन, न्यायालय के समक्ष पीड़िता का कथन, एफएसएल परीक्षण सहित सभी आवश्यक वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य एकत्रित कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोप न्यायालय में सिद्ध हुए। संपूर्ण साक्ष्यों एवं दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी को धारा 376 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 1 हजार अर्थदण्ड, धारा 366 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 सौ अर्थदण्ड तथा धारा 419 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 सौ अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने की स्थिति में न्यायालय द्वारा अतिरिक्त सश्रम कारावास का भी प्रावधान किया गया है।

# कलेक्टर ने किया कांसाबेल स्कूल का निरीक्षण

■ छात्राओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

कलेक्टर श्री रोहित व्यास स्वयं विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, मूलभूत सुविधाओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति की सतत समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांसाबेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचकर पूर्ण जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ शैक्षणिक कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जो छात्राएं विद्यालय नहीं आ रही हैं, उनके पालकों से नियमित संपर्क कर उन्हें अनिवार्य रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, सभी कक्षाओं में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जहां भी विद्युत तार अव्यवस्थित हैं, उन्हें तत्काल व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके और छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो।

### यूपी से लेकर आ रहे थे अवैध खाद, 240 बोरी उर्वरक जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों, अवैध उर्वरक एवं कृषि आदानों के परिवहन तथा विक्रय पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में कृषि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा बिना वैध दस्तावेजों के जैविक खाद का परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को थाना प्रभारी बसंतपुर को अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर बसंतपुर में वाहन क्रमांक सीजी-04 पीयू-5217 की जांच की गई। जांच के दौरान चालक द्वारा जैविक खाद के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। थाना प्रभारी द्वारा ट्रक वाहन को अभिरक्षा में लेकर कृषि विभाग को उक्त संबंध में जानकारी दी गई।

## सरईपानी व्यपवर्तन योजना का राजस्व रिकॉर्ड होगा अद्यतन

# सिंचाई नहर की अधिग्रहित भूमि के लिए चिन्हांकन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगीचा



लगभग पांच दशक पूर्व निर्मित सरईपानी व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत संचालित करीब 15 किलोमीटर लंबी सिंचाई नहर के राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल शुरू हो गई है। जल संसाधन उप संभाग कांसाबेल ने तहसीलदार बगीचा को आधिकारिक पत्र भेजकर नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का राजस्व नक्शे में विधिवत चिन्हांकन करने तथा नियमानुसार सीमा चिन्ह स्थापित करने का अनुरोध किया है।

यह कार्रवाई सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पर जल संसाधन विभाग द्वारा की गई प्रशासनिक पहल के तहत प्रारंभ हुई है। विभागीय पत्र की प्रतिलिपि कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को भी भेजी गई है, ताकि दोनों विभागों के समन्वय से आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूरी की जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार अधिग्रहित नहर भूमि का राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट चिन्हांकन होने से शासकीय भूमि का अभिलेखीय संरक्षण मजबूत होगा, सीमांकन संबंधी अनावश्यक विवादों में कमी आएगी तथा भविष्य में सिंचाई परियोजनाओं के संचालन एवं विकास कार्यों के लिए सटीक राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। प्रशासनिक स्तर पर इसे जल संसाधन विभाग और राजस्व विभाग के समन्वित प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने उम्मीद जताई है कि इस पहल से वर्षों पुराने राजस्व अभिलेख वर्तमान स्थिति के अनुरूप अद्यतन होंगे और परियोजना का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित होगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# 7 महीने बाद जन नायकन की रिलीज डेट पर लगी मुहर...

**नई दिल्ली।** सी. जोसेफ विजय उर्फ थलापति विजय अब तमिलनाडु के सीएम बन चुके हैं। राजनीति में आने से पहले ही अभिनेता ने खुलासा कर दिया था कि वह अभिनय छोड़ रहे हैं और उनकी आखिरी फिल्म जन नायकन है। चुनाव से पहले ही जन नायकन रिलीज होने वाली थी। मगर अटक गई। अब करीब 7 महीने बाद अभिनेता की आखिरी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इसे सेंसर बोर्ड से कुछ दिन पहले ही हरी झंडी मिली थी। कनाडा में इसे यॉर्क सिनेमा के द्वारा रिलीज की जाएगी। 24 जुलाई से पर्दे पर धमाल मचेगा। थिएटर में जबरदस्त जश्न के लिए तैयार हो जाइए।

## लाइफ Style

# प्रियामणि

## गोलमाल 5 में निभाएंगी विलेन का किरदार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रोहित शेट्टी 'गोलमाल 5' के साथ इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में फिर से वापसी कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार फिल्म में अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। वहीं, शरमन जोशी की वापसी हुई है।

मेकर्स दर्शकों को कास्टिंग से जुड़े एक चौंकाने वाले ट्विस्ट से हैरान करने के लिए तैयार हैं। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में द फैमिली मैन और शाहरुख खान की जवान फेम एक्ट्रेस प्रियामणि की भी एंट्री हुई है। प्रियामणि फिल्म में एक नेगेटिव रोल में नजर आएंगी, जो उनके पिछले किरदारों से बिल्कुल अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रियामणि 'गोलमाल 5' में एक नेगेटिव किरदार निभाएंगी। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन उम्मीद है कि इस कास्टिंग से कॉमेडी फ्रैंचाइजी में कुछ नयापन आएगा। अपनी अलग-अलग तरह की भूमिकाओं के लिए मशहूर, नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली इस एक्ट्रेस ने ज्यादातर इमोशनल और दमदार किरदार निभाए हैं। फिल्म की मुख्य विलेन के तौर पर उनका यह नया रूप रोहित शेट्टी की कॉमेडी और मस्ती-मजाक वाली फिल्मों में एक नया रंग जोड़ सकता है। रोहित शेट्टी के साथ प्रियामणि का यह पहला काम नहीं है। इससे पहले वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस के जबरदस्त डांस नंबर '1 2 3 4 गेट ऑन द डांस फ्लोर' में नजर आ चुकी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# इट्स ए... गाने से मिली थी शोहरत

**लॉस एंजिल्स।** टोटल एक्लिप्स ऑफ द हार्ट जैसे चर्चित गाने की सिंगर बॉनी टायलर का निधन हो गया है। 75 साल की उम्र में इस हॉलीवुड सिंगर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। टल एक्लिप्स ऑफ द हार्ट और होल्डिंग आउट फॉर ए हीरो जैसे कई हिट सॉन्ग गाने वाली बॉनी टायलर की आज भी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। 8 जून, 1951 को वेल्स में जन्मीं बॉनी टायलर का असल नाम गेनर हॉपकिंस था। वह अपनी जादुई आवाज के लिए जानी जाती थीं। उनके गाने म्यूजिक चाट्र्स में टॉप पर बने रहते थे। 1977 में इट्स ए हार्टएक गाने से बॉनी को खूब शोहरत मिली।



# एमी अवॉर्ड्स : द पिट को सबसे अधिक 25 नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड्स को टीवी की दुनिया में सबसे सम्मानित पुरस्कार माना जाता है। साल 2026 के लिए एमी अवॉर्ड के लिए नामांकनों का ऐलान हो चुका है। इस सूची में सबसे ज्यादा श्रेणियों में नॉमिनेशन के साथ मेडिकल ड्रामा सीरीज 'द पिट' सबसे आगे है। 'द पिट' को कुल 25 नामांकन हासिल हुए हैं। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा की 'हेड्स ऑफ स्टेट' ने भी जगह बना ली है। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की लिस्ट में जेंडाया का नाम है। इसके अलावा और किस-किसको नॉमिनेशन में जगह मिली है? बीते दिन बुधवार को अभिनेत्री लिजा कोलोन-जायस और अभिनेता जेफ हिलर ने 2026 प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन की घोषणा की। इस लिस्ट में 'द बियर', 'हैक्स', 'द पिट' और 'स्लो हॉर्सेस' जैसे बड़े कॉमेडी, ड्रामा और एंथोलॉजी शो शामिल हैं।



# रहमान ने की सोनू की तारीफ...

**मुंबई।** मशहूर संगीतकार एआर रहमान ने अपनी आने वाली फिल्म बंटवारा 1947 के एक गाने के लिए सिंगर सोनू निगम के साथ काम किया है। रहमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी खुशी जाहिर की है। फिल्म बंटवारा 1947 के गाने 'ओह तबस्सुम' को सोनू निगम ने गाया है। एआर रहमान ने एक्स हैंडल पर सोनू की जमकर तारीफ की है। रहमान ने सोनू से पूछा, 'भाई, गाते समय अपनी आवाज में इतना रोमांस कैसे ले आते हों।' 'बंटवारा 1947' असगर वजाहत के मशहूर नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याई नई' पर आधारित है। कहानी देश के बंटवारे के समय एक हिंदू परिवार की है, जिसे लाहौर आना पड़ता है। वहां उन्हें एक हवेली मिलती है, जहां पहले से ही एक बुजुर्ग मुस्लिम महिला रह रही होती हैं। यह फिल्म राजनीति के बजाय मानवीय रिश्तों और दर्द को दिखाती है।



# 'भाई तेरा स्टार है' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'भाई तेरा स्टार है' का मजेदार ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में राघव लंदन में रहने वाले एक ऐसे एक्टर के रोल में हैं, जो काम पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। फिल्म की ताकत राघव जुयाल का स्वाभाविक मजाकिया अंदाज और उनकी दमदार कॉमिक टाइमिंग है। ट्रेलर के कई सींस काफी मजेदार हैं, जिनमें राघव की एनर्जी देखने लायक है। राघव ने कई लोगों से उधार ले रखा है। जब लोग अपने पैसे मांगते हैं, तो वह अपनी एक्टिंग के दम पर झूठी कहानियां बनाता है और बचने के तरीके ढूंढता है। कर्जों से निपटने का उनका यह अंदाज बेहद मजेदार है। फिल्म में राघव को कर्ज देने वाले एक व्यक्ति का किरदार मशहूर अभिनेता संजय कपूर निभा रहे हैं। कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# 'सेहर होने को है' 7 साल के लीप के साथ, भविका बनीं सेहर

**मुंबई।** महेर फीवर अब एक नए शिखर पर पहुंचने वाला है, क्योंकि कलर्स का ड्रामा 'सेहर होने को है' सात साल का लीप लेकर आ गया है, जिसमें भविका शर्मा टाइटल रोल निभा रही हैं। जुदाई के इस लंबे दौर ने इन स्टार-क्रॉस्ड लवर्स (महिद और सेहर, पार्थ समथान और भविका द्वारा निभाए गए किरदार) की किस्मतें बदल दी हैं। दोनों अब बिल्कुल अलग इंसान बन चुके हैं, जिन्हें एक अनसुलझी त्रासदी ने बांध रखा है। सेहर ने अपने बचपन के सपने पूरे कर लिए हैं। उसने एमबीबीएस डिस्टिंक्शन के साथ पूरा किया है और अब वह डॉ. सेहर कौसर बैग है एक शानदार न्यूरोलॉजी रेजिडेंट। उसके लिए मेडिसिन उसकी मां कौसर से किया गया एक पवित्र वादा है। लेकिन, आत्मविश्वास के पीछे उसका टूटा हुआ दिल छिपा है। वह महिद से नफरत करती है और अपनी मां की मौत के लिए उसे जिम्मेदार मानती है। इस बीच, महिद एक सम्मानित मुफ़्ती के पद पर पहुंच चुका है। उसकी सधी हुई शख्सियत के पीछे एक ऐसा मन छिपा है जो गहरे ट्रॉमा से टूट रहा है। वह खुद को अपनी मां और कौसर दोनों की रक्षा न कर पाने के लिए दोषी मानता है। यह जानकर कि सेहर अपनी मां की मौत के लिए उसे जिम्मेदार ठहराती है, उसे हर दिन सताता है। यही अपराधबोध उसे कठोर आत्म-दंड की ओर धकेलता है। इस बर्बादी को परछाइयों से देख रही है हुस्ना, जो अपनी रची हुई चालाकियों की जीत का जश्न मना रही है। लेकिन किस्मत सेहर को फिर से नियाज़ी मंज़िल में खींच लाती है, जहां उसे उस इंसान का सामना करना पड़ता है जिससे वह सात साल से दूर भाग रही थी।

## 'आज दुनिया खामोश हो गई'

**मुंबई।** मशहूर टीवी होस्ट और बॉलीवुड एक्टर मनीष पॉल की मां उर्मिल पॉल का 77 साल की उम्र में दिल्ली में निधन हो गया। मनीष ने मां के निधन के बाद सोशल मीडिया पर एक बेहद ही इमोशनल पोस्ट साझा किया है। इसके साथ ही अभिनेता ने अपने प्रशंसकों से अपनी मां की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है। मां के जाने से दुखी मनीष पॉल ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। मनीष ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां के साथ कई तस्वीरें साझा की हैं।



इसके साथ ही मनीष ने कैप्शन में लिखा, 'आज दुनिया कुछ ज्यादा खामोश है'। मनीष ने अपनी मां को याद करते हुए लिखा कि आज उन्होंने अपनी मां को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। उन्होंने अपनी मां को अपना पहला घर, सबसे बड़ा सहारा और दुनिया की सबसे मजबूत महिला बताया। मनीष ने आगे लिखा, 'शब्द कभी यह नहीं बता सकते कि मेरी मां मेरे लिए क्या थीं और उनके जाने से जिंदगी में कितना बड़ा खालीपन आ गया है।

# 21 साल पहले भारत में बैन हो गई थी ये फिल्म, अक्षय थे इसका हिस्सा...

नई दिल्ली। इन दिनों दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी से हटाए जाने पर बवाल मचा हुआ। हालांकि, इससे पहले भी कई फिल्मों को भारत में बैन करना पड़ गया है, जिनमें से एक 21 साल पुरानी विवादित फिल्म भी शामिल है। 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में सुर्खियां बटोरीं। एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर में भी गई। मगर भारत में फिल्म की रिलीज पर घमासान मचा रहा। भारत में फिल्म आई भी लेकिन इसे हटा दिया गया और फिर बैन कर दिया गया।

***खूब बवाल मचा था बवाल :*** जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है दीपा मेहता की ट्रिलॉजी की तीसरी कड़ी वॉटर मूवी की। फिल्म में जॉन अब्राहम, लीजा रे, सीमा बिस्वास, सरला और मनोरमा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म इंडियन-कैनेडियन फिल्ममेकर दीपा मेहता ने बनाया। जब यह फिल्म बन रही थी, तब इस पर खूब बवाल मचा था। आलम यह था कि फिल्म का सेट भी जला दिया गया था।



***फिल्म को लेकर भड़के थे लोग :*** फिल्म की शूटिंग वाराणसी में की जानी थी, लेकिन फायर मूवी (दो लेस्बियन पर आधारित) को लेकर पहले से ही विवादों में घिरीं दीपा मेहता की अगली फिल्म वॉटर की शूटिंग का पता चला तो कुछ लोग प्रदर्शन करने लगे। इस फिल्म को एंटी-हिंदू बताया गया और सेट जला दिया गया। इस बवाल के चलते फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया। उस वक्त अक्षय इसकी शूटिंग करने वाले थे।

***अक्षय बनने वाले थे लीड हीरो :*** एक बातचीत में दीपा ने रिवील किया था कि वॉटर फिल्म की असली स्टार कास्ट पहले अक्षय कुमार, शबाना आजमी और नंदिता थे। मगर बवाल मचने के बाद फिल्म 3-4 साल बाद रुकी रही। फिर नई कास्ट के साथ फिल्म को श्रीलंका में शूट किया गया। यह फिल्म भारत में तो बैन रही, लेकिन विदेश में इसे सराहा गया।

## क्या है फिल्म की कहानी?

1938 में सेट फिल्म की कहानी विधवा महिलाओं की दुर्गति को दिखाता है। कहानी 'चुइया' नाम की 8 साल की लड़की के बारे में है जो विधवा हो जाती है और उसे प्रायश्चित करने के लिए एक आश्रम में भेज दिया जाता है। उससे उम्मीद की जाती है कि वह अपनी बाकी जिंदगी सादगी और प्रार्थना में बिताएगी।

# आज सिनेमाघरों में रिलीज होंगी तीन फिल्में, दो अंग्रेजी फिल्में हिंदी वर्जन में

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को हिंदी के दर्शकों को सिनेमाघरों में तीन नई फिल्मों का तोहफा मिलने वाला है। हफ्ते की सबसे बड़ी रिलीज 'धमाल 4' है, जो फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म है। इसी के साथ दो अंग्रेजी फिल्में भी हिंदी डब वर्जन में बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। शुक्रवार को ही हॉरर फिल्म 'ईविल डेड बर्न' भी रिलीज हो रही है, जो 'ईविल डेड फ्रैंचाइजी' की छठी मूवी है। दूसरी ओर, ड्वेन जॉनसन और कैथरीन लागाइया की 'मोआना' रिलीज हो रही है, जो डिज्नी के पॉपुलर एनिमेशन फ्रैंचाइजी की पहली लाइव-एक्शन फिल्म है।

**धमाल 4** : हिंदी के दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी रिलीज धमाल4 है, जिसे इंद्र कुमार ने डायरेक्ट किया है। यह 'धमाल फ्रैंचाइजी' की चौथी एडवेंचर-कॉमेडी फिल्म है। टी-सीरीज फिल्म्स, पैनोरमा स्टूडियोज, और देवगन फिल्म्स के साथ मारुति इंटरनेशनल ने इसे प्रोड्यूस किया है। फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में धमाल (2007), डबल धमाल (2011) और टोटल धमाल (2019) बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थीं। अब इस चौथी फिल्म से भी




यही उम्मीदें हैं। धमाल 4 में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा, उपेंद्र लिमये, अंजलि आनंद, संजीदा शेख, ईशा गुप्ता और विजय पाटकर हैं।

**मोआना** : मोआना एक अमेरिकी म्यूजिकल एडवेंचर फिल्म है, जो डिज्नी एनिमेशन की 2016 की इसी नाम की फिल्म का लाइव-एक्शन वर्जन है। मतलब कि पिछली फिल्म जहां एनिमेशन थी, इस बार इसमें एक्टर-एक्ट्रेसेस पॉपुलर किरदार निभाते नजर आएंगे। 'मोआना फ्रैंचाइजी' की इस तीसरी और पहली लाइव-एक्शन फिल्म को थॉमस काइल ने डायरेक्ट किया है। कहानी जेरेड बुश और डाना लेडौक्स मिलर ने लिखी है। इसमें ड्वेन जॉनसन के साथ कैथरीन लागाइया लीड रोल में हैं। यह कैथरीन की डेब्यू फिल्म है। कहानी के केंद्र में मोआना है, जो मोटुनुई द्वीप की एक बहादुर युवा लड़की है और जो समुद्र की पुकार सुन सकती है। वह डेमीगॉड माउई को खोजने के लिए अपना कबीला, अपना घर छोड़ती है। मोआना भी शुक्रवार 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। आप इसे हिंदी डब वर्जन में भी देख सकते हैं।

**ईविल डेड बर्न** : ईविल डेड बर्न एक अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है। इसे सेबेस्टियन वानिचेक और फ्लोरेंट बर्नार्ड ने डायरेक्ट किया है। इन्हीं दोनों ने फिल्म की कहानी भी लिखी है। यह 'ईविल डेड' (2013) और 'ईविल डेड राइज' (2023) की एक स्टैंडअलोन सीक्वल है। इसमें सुहेला याकूब, टैंडी राइट, हंटर डूहान, लुसियाने बुकानन, एरॉल शैंड और मौड डेवी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'ईविल डेड बर्न' वैसे तो मूल रूप से अंग्रेजी फिल्म है, लेकिन 10 जुलाई को यह सिनेमाघरों में हिंदी डब वर्जन में भी रिलीज हो रही है।

## इक्का से बाल्टी तक, रिलीज की कतार में ये फिल्में और सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की झमाझम बरसात

*नई दिल्ली। बरसात वाला मौसम आ गया है। बारिश भी आ गई है। इस झमाझम बारिश के बीच वीकएंड ने भी दस्तक दे दी है। एक तरफ सिनेमाघरों में कई फिल्में सजी हुई हैं। मगर, मौसम का मिजाज देखकर अगर घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ देखना है, तो उसके लिए भी बढ़िया इंतजाम है।*

### इक्का

सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत यह इस सप्ताह रिलीज होने वाली सबसे चर्चित फिल्म है। इसके जरिए सनी देओल ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल वकील की भूमिका में हैं। दीया मिर्जा का भी अहम रोल है। सनी देओल का वह अंदाज देखने को मिल सकता है, जो फिल्म 'दामिनी' में मिला था। फिल्म 'इक्का' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### पेद्दी

राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई गुरुवार से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।



### पति पत्नी और वो दो

आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने को तैयार है। थिएटर्स में इसे दर्शकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है, जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह फिल्म 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### बाल्टी

अगर स्पोर्ट्स ड्राम फिल्मों में आपकी दिलचस्पी है तो इसे देखें। फिल्म 'बाल्टी' चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

### परिमाला एंड कंपनी

तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

### आई एम नॉट अफरेड

मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। वह उस लड़के की मदद करता है। हालांकि उसका परिवार उसके खिलाफ रहता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान' के तहत सर्वेक्षण दल को दिया गया प्रशिक्षण

**शंकरगढ़।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड शंकरगढ़ में सर्वेक्षण दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण 6 एवं 7 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ने की। प्रशिक्षण में सर्वेक्षण दल में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्राम सचिव, पटवारी एवं रोजगार सहायकों को अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा 17 विभागों की कुल 31 व्यक्तिगत हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित सर्वे प्रपत्रों को भरने, पात्रता निर्धारण, आवश्यक दस्तावेजों तथा सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में 10 से 31 जुलाई तक सर्वेक्षण दल घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करेगा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों का सर्वे करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पांडे सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनपद सभा कक्ष में उत्साह के साथ मनाया गया पंचायत सचिव स्थापना दिवस

**राजपुर।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में मंगलवार को पंचायत सचिव स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रवि प्रताप मरावी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने पंचायत सचिवों के संघर्ष और संगठन की यात्रा पर प्रकाश डाला। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा भर्ती नियमों एवं पदस्थापना प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए, जिससे पंचायत सचिवों की सेवा व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हुई। वर्तमान में वरिष्ठ पंचायत सचिवों को लगभग 40 हजार से 60 हजार रुपये तक वेतन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस संगठन की एकता, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। मुख्य अतिथि आकाश अग्रवाल ने पंचायत सचिवों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पंचायत सचिवों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम का संचालन अगस्तुस टोप्पो ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, पंचायत निरीक्षक फूल मोहन राम, लेखपाल श्यामलाल गुप्ता, सिमोन खेस, विक्की गुप्ता, लक्ष्मी मिश्रा, शोभना एक्का, सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कृष्णानंद तिवारी, सुनील तिवारी, देवीदयाल मरावी, नंदलाल यादव, शमीमुद्दीन अंसारी, देवनाथ, जयपाल सिंह, मुकेश सोनी, प्रदीप, शेखर कुजूर सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले के सभी थानों एवं चौकियों में एक साथ चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



**डांड़गांव।** पुलिस चौकी शिवनगर तारा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देशन, बोर्नड कुजूर एसडीओपी मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी द्वारा चौकी क्षेत्र में व्यापक रूप से नशा मुक्ति अभियान चलाया। नशा मुक्ति अभियान हाई स्कूल तारा, हायर सेकंडरी स्कूल शिवनगर, अदानी विद्या मंदिर सल्हि, खदान के कर्मचारियों, बैंक, बाजार एवं सभी ग्राम पंचायतों में चलाया गया। पुलिस चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने कहा कि नशा नाश का कारण है अगर अपने आने वाले कल वर्तमान को अच्छा बनाना है तो नशा पान से दूर रहे। समाज में नशा पान बढ़ते जा रहा है जिस कारण आने वाले पीढ़ी इससे बचे, नशा अपराध का सबसे बड़ा कारण है। आज समाज में जितने भी बड़े अपराध हो रहे हैं उसके पीछे अधिकांश कारण नशा के कारण ही होता है। नशा करने से परिवार, घर, समाज, आर्थिक स्थिति एवं स्वंय के शरीर का भी नाश होता है।

### दो मवेशी तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजपुर। गुरूवार रात ग्राम कमारी से लौट रहे एक कार चालक ने शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम परसापानी के पास पिकअप क्रमांक जेएच-01-एफ़ एल 8856 के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मार दी। जांच के दौरान वाहन में 8 बैलों को अवैध रूप से ले जाते पाया गया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर घेराबंदी कर वाहन चालक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने बैलों को झारखंड ले जाने के की बात बताई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड के गुमला जिले के कोटाम निवासी सुलतान अंसारी (25 वर्ष) तथा होरी निवासी नैयाज बख्श (21 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

बारिश के बाद गड्ढों में भरा पानी

# बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत दयनीय, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई। क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी के भर जाने से अब लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिल सकी है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा –रजपुरी मार्ग एनएय 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत नहीं की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। ऐसे में बरसात के इस मौसम में गड्ढों में तब्दील सड़क ने क्षेत्र के लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है।



सड़क के गड्ढों में जमा पानी।

**तीन गांव को जोड़ती है सड़क**

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

**कराते है व्यवस्था**

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क काफी पुरानी है। सड़क काफी जर्जर हो गई। सड़क पर बने गड्ढे को भरने की व्यवस्था कराते है जिससे लोगों को परेशानी न हो।
-प्रकाश सिंह, जनपद सीईओ



## जिला अस्पताल के समीप नालियों पर अतिक्रमण, सड़क पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला अस्पताल के पास नालियों में अवैध अतिक्रमण के वजह से मुख्य मार्ग में एक फिट तक पानी भर जाने से लोग परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने नालियों से अवैध अतिक्रमण हटाने तथा सड़क पर जमा पानी के लिए जल निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

नेशनल हाईवे से अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग के पीछे के रास्ते में जल जमाव होने के कारण आने जाने वाले लोगों एवं मरीज को कई प्रकार की परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से जिला अस्पताल सीएमएचओ कार्यालय, जिला आयुष कार्यालय के अलावा डॉक्टर के निवास है जिससे हर रोज बड़ी संख्या में लोग आना-जाना करते है। इसके अलावा इसी मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय, निजी एवं सरकारी स्कूल सहित कई बड़े संस्थान है लेकिन फिर भी मुख्य मार्ग के जलजमाव को निकालने के लिए किसी ने उचित पहल नहीं की गई जो अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशान का सबब बन गया है। सड़क पर जलजमाव होने के कारण विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों एवं अस्पताल आने जाने वाले लोगों संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। जिस जगह जल जमाव है वहां लोगों को पेयजल के लिए नल भी है लेकिन जल जमा होने के कारण नल अनुपयोगी हो गया है। नल से मरीज के परिजन एवं आसपास के लोग अपनी जरूरत के लिए पानी का उपयोग करते थे जो अब बेकार हो गया है। मुख्य मार्ग में पानी का जमाव होने के प्रमुख रूप से अगल बगल रहने वाले लोग एवं प्रशासन जिम्मेदार हैं क्योंकि मुख्य मार्ग के बगल में नाली का निर्माण हुआ है लेकिन नालियों में 1 फीट से भी ऊंचा मिट्टी मुरम पाट दिया गया है जिससे सड़क पर जमा पानी के लिए कोई निकासी नहीं है। पानी निकासी के साधन नहीं होने के कारण बारिश होने पर मुख्य मार्ग में जल जमाव हो जाता और पानी 1 फीट तक जमा हो जाती है। ऐसे में लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया वहीं मार्ग से गुजरने वाले वाहन सवारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर पानी के जमा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर जमा पानी के निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है जिससे मार्ग से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## पुलिस ने शुरू की संदिग्ध लोगों की जांच



**अम्बिकापुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डीआईजी एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देशन में गुरूवार को संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए पुलिस ने जिलेभर में अभियान की शुरूआत की। एसएसपी श्री अग्रवाल ने जिलेभर के थाना व चौकी प्रभारियों को बाहरी प्रांतों से आकर निवास कर रहे लोगों की जांच कर मुसाफिरी दर्ज करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

- प्रथम दिन किया गया 450 लोगों का सत्यापन

अभियान के तहत किराए में रह रहे व्यक्तियों, ठेला-गुमटी संचालकों, होटल एवं अन्य संस्थानों, बस, ट्रक संचालकों के यहां चालक, परिचालक, क्लीनर का काम कर रहे लोगों की जांच की गई तथा उनके पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान मकान मालिकों, व्यवसाइयों को कार्यरत कर्मचारियों एवं किराएदारों से संबंधित जानकारी पुलिस थाना में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मकान मालिकों एवं होटल संचालकों को किसी के अवैध आचरण की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने की समझाइश दी गई। अभियान के प्रथम दिवस पुलिस ने 125 मकानों, व्यवसायिक संस्थानों, बस ट्रक संचालकों के यहां काम कर रहे 450 लोगों के पहचान पत्र का सत्यापन किया गया। मालूम हो कि बुधवार को भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने आईजी को ज्ञापन सौंप किराए के मकानों में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन कराने की मांग की थी। आईजी के निर्देश पर पुलिस ने संदिग्ध रूप से रह रहे लोगों का सत्यापन करने का अभियान गुरूवार से जिलेभर में प्रारंभ किया है।

भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप गांधीनगर, कोतवाली एवं मणिपुर थाना क्षेत्र में किराए के मकानों में लम्बे समय से निवासरत दूसरे राज्य के लोगों एवं उनके व्यवसाय का सत्यापन कराने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि दो लोगों की हत्या का आरोपी धनबाद का शाबिर अहमद पिछले 13 वर्षों से मोमिनपुरा में छिपकर व्यवसाय कर रहा था। इसी तरह पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनने के बाद बड़ी संख्या में संदिग्ध बंग्लादेशी भी मिल सकते हैं।

## एसईसीएल कॉलोनियों में एक सप्ताह से दूषित पानी की हो रही आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आवासीय कॉलोनियों में करीब एक सप्ताह से बिना फिल्टर किए मटमैले एवं दूषित पानी की आपूर्ति होने से कॉलोनीवासियों को गंभीर समस्या से जूझने विवश होना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में गंदे पानी की लगातार आपूर्ति ने लोगों में जलजनित एवं मौसमी बीमारियों का भय बढ़ा दिया है।

- लगातार शिकायतों के बावजूद एसईसीएल के विभागीय अधिकारी कर्मचारी नहीं करा पा रहे निराकरण, कॉलोनीवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

कॉलोनीवासियों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी इतना गंदा है कि उसका उपयोग पीने की बात तो दूर, हाथ-मुंह धोने, स्नान करने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इस पानी के उपयोग से सर्दी-खांसी, डायरिया, उल्टी-दस्त,



टाइफाइड तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रकोप बढ़ने का खतरा काफी बढ़ रहा है,छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुई है,कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उन्होंने फिल्टर प्लांट और संबंधित अधिकारियों के पास कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार केवल उन्हें आश्वासन ही मिला। शिकायत करते-करते लोग परेशान हो चुके हैं, फिर भी समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

परिणाम स्वरूप गंदे पानी की आपूर्ति लगातार जारी है और लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि फिल्ट्रेशन व्यवस्था समय पर संचालित की जाती और जल टंकियों एवं पाइपलाइन की नियमित सफाई होती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका आरोप है कि संबंधित विभाग की उदासीनता का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।कालोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कर फिल्ट्रेशन प्रणाली को सुचारु किया जाए, जल टंकियों एवं पाइपलाइन की सफाई कराई जाए तथा पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। ज्ञात हो कि पिछले लगभग 2 वर्षों से कॉलोनी में स्थित टंकियों की सफाई भी संबंधित विभाग द्वारा नहीं कराई गई है,कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जनस्वास्थ्य के हित में उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। वहीं दूसरी ओर यह भी बताया जा रहा है कि प्रबंधन द्वारा फेलकुटर टैंक की सफाई जो गर्मी में होनी चाहिए थी, उसे अभी कराया जा रहा है, जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

## खबर का असर, बतौली से करदना पहुंच डायवर्सन मार्ग का काम शुरू

**सेदम।** बतौली क्षेत्र में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश में बतौली से करदना पहुंच मार्ग में बने डायवर्सन मार्ग पानी में बह गया था जिससे पांच गांवों का संपर्क बतौली मुख्यालय से टूट गया था। खबर प्रकाशने के बाद प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल पांचों गांवों को जोड़ने पाईप डाल कर नए डायवर्सन मार्ग बना कर आवागमन चालू करवाया गया जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

- भारी बारिश से बह गई थी सड़क



गौरतलब है कि बतौली से करदना पहुंच मार्ग में बन रहे तीन पुलिया के निर्माणाधीन होने से तथा ठेकेदार द्वारा मिट्टी का डायवर्शन मार्ग गर्मी के मौसम में बनवाया था जहां पांचों गांव करदना, कदनई, लोटा भावना, झोजा, लैगु के ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे आवागमन करते थे लेकिन यह मिट्टी का बना डायवर्सन मार्ग भारी बारिश होने तथा पानी के तेज बहाव में सोमवार को बह गया था। डायवर्सन मार्ग के बह जाने से मंगलवार को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, तहसील, थाना, जनपद जाने सहित किसानों को खाद बीज हेतु परेशान रहे। ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रमुखता से प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी हरकत में आए और आवागमन सुचारु कराया फिलहाल निर्माणाधीन पुलिया में पाइप डालकर वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग बनाया गया है जिससे लोगों द्वारा आवागमन शुरू किया गया है।

इस संबंध में पीएम सड़क के जिला ई ई विकास कौशिक ने बताया कि मार्ग में आवागमन चालू करवाया गया है। पुलिया निर्माणाधीन है जहां आज वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए निर्माणाधीन तीनों पुलिया के समीप पाइप डालकर डायवर्सन मार्ग बनाया गया है जिससे लोग आवागमन शुरू कर दिया है। फिलहाल मौसम का ध्यान रखते हुए पुलिया का निर्माण समय रहते पूरा करने ठेकेदार को निर्देशित किया गया है ताकि लोगों का संपर्क बतौली मुख्यालय से बना रहे।

## यादव समाज ने की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ थाना में आशीष यादव व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर सर्व यादव समाज ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

- सर्व यादव समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



सौंपे गए ज्ञापन में सर्व यादव समाज ने आरोप लगाया गया है कि ग्राम दोहना स्थित भूमि विवाद के संबंध में 5 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी सूचना पहले ही थाना शंकरगढ़ को दे दी गई थी। इसके बावजूद बाद में दर्ज एफआईआर में निर्दोष लोगों को आरोपी बनाया गया है। सर्व यादव समाज का कहना है कि विवाद के दौरान आशीष यादव एवं अभिषेक यादव के साथ मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत भी थाने में दी गई, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई वहीं विवाद शांत कराने पहुंचे कुछ लोगों को भी आरोपी बना दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विवाद के दौरान एक महिला द्वारा स्वयं साड़ी फाड़कर झूठे मामले में फंसाने की बात कही गई, जिसका वीडियो उपलब्ध होने का दावा किया गया है। सर्व यादव समाज ने मांग की है कि दर्ज अपराध की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा 7 जुलाई को बिना सर्च वारंट के कुछ लोगों के घरों में की गई कथित तलाशी की भी जांच कराई जाए।

समाज ने चेतावनी दी है कि यदि चार दिनों के भीतर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो थाना के सामने धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवनाथ यादव, हीरालाल यादव, देवनारायण यादव, कुलदीप यादव, संतोष यादव, अनुज यादव, रामलाल यादव, श्याम मुरारी यादव, अनुरंजन यादव, शुभम यादव, अजीत यादव, राजकुमार यादव, बसंत यादव, योशपाल यादव, उमेश यादव सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मचारी का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**बिश्रामपुर।** ग्राम केशवनगर पटेलपारा निवासी एक सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में शव घर से करीब 4 किलोमीटर दूर एक राइस मिल समीप मिला है। मृतक द्वारा जहर सेवन कर लेने की बात कही जा रही है।

- जिस बाइक में घर से निकले थे, उसकी तलाश कर रही पुलिस

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम केशवनगर पटेलपारा निवासी सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मी 70 वर्षीय भरत यादव बुधवार की शाम घर में किसी बात को लेकर हुए कहासुनी व बहस होने उपरांत बाइक लेकर घर से दोपहर 3.30 बजे निकले थे। इसके कुछ समय बाद सेवानिवृत्त कॉलरीकर्मी का शव घर से करीब 4 किलोमीटर दूर गांव के एक राइस मिल के समीप गुरूवार को मिला है। पुलिस द्वारा मामले में फिलहाल जहर सेवन कर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है जबकि वास्तविक स्थिति पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने बताया कि मृतक की बाइक फिलहाल बरामद नहीं हो पाई है जिसे खोजा जा रहा है,फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।






## सर्वे ऑफ इंडिया ने किया है ड्रोन सर्वे, हर गांव का दिया गया नक्शा

# 884 गांव के ग्रामीणों को मिलेगा आबादी भूमि का पट्टा, नक्शे का सत्यापन पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि गांव में आप आबादी भूमि में घर बनाकर रह रहे हैं तो बहुत जल्द उसका मालिकाना हक आपको मिल सकता है। स्वामित्व योजना के तहत आबादी पट्टा आपको दी जाएगी। इसके लिए जिले में करीब 884 गांवों का सर्वे ऑफ इंडिया ने पहले ड्रोन सर्वे किया है। सर्वे के बाद हर गांव का नक्शा तैयार किया गया। उसका सत्यापन पटवारियों द्वारा किया गया। याने मेप वन का काम पूरा हो गया है। अब वहां से लिस्ट आएगी, इसके बाद उनका फिर से सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद उसे ग्राम सभा में पेश कर चस्पा की जाएगी। दावा आपत्ति के बाद अनुविभाग में भेजी जाएगी। वहां से कलेक्टर के पास जाएगा और कलेक्टर उसे अनुमोदन करेंगे। फिर पट्टा जारी होगा।



बीते साल जिले के 550 ग्राम पंचायतों के 884 गांवों का ड्रोन सर्वे किया गया था। इसका काम सर्वे ऑफ इंडिया को मिला था। उनके द्वारा हर गांव में पटवारियों की मदद से ड्रोन उड़ाकर सर्वे पूरा किया गया। उन्होंने नक्शा तैयार किया और यहां भेज दिया। उस नक्शे का सत्यापन का काम सबसे कठिन था। एक- एक जगह को सत्यापन करने के बाद मेप वन की जांच पूरी की गई। इसके बाद उसे भेज दिया गया। नक्शे में कौन रामलाल कौन श्यामलाल (काल्पनिक नाम) का घर है यह पटवारियों को बताना था। उन्होंने इस काम को पूरा किया और पूरी रिपोर्ट भेज दी है। हालांकि अभी कई चरण का काम बाकी है। यह पूरा होने के बाद ही स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मिलेगी।

### कोरबा पहला जिला जहां मिल रहा पट्टा

पूरे प्रदेश में रायगढ़ जिले का ड्रोन सर्वे सबसे पीछे हुआ है। इसके पहले अन्य जिलों में सर्वे पूरा कर लिया गया था। इसके कारण यहां बाकी काम भी काफी पिछड़ गया है। कोरबा जिले में सबसे पहले सर्वे हुआ था और अब वहां पट्टा वितरण भी होने लगा है। हालांकि इसमें काफी पेचिदगियां हैं। इस वजह से काम में देरी होने की बात कही जा रही है।

### आबादी जमीन में हो घर

आबादी ( जहां गांव बसा है) जमीन में घर बना हो तभी पट्टा मिलेगा। इसमें जितनी जमीन पर घर बना है और बाड़ी निर्माण है उसका पट्टा दिया जाएगा। गांव में घर के साथ पीछे बाड़ी रखते हैं। याने मकान और बाड़ी के हिसाब से उनको आबादी पट्टा मिलेगा। अब तक किसी के पास मालिकाना हक नहीं है। कारण के पट्टा नहीं है। अब पट्टा मिलेगा तो मालिकाना हक भी मिल जाएगा।

### अवैध शराब पर कार्रवाई कोचिया गिरफ्तार



**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने अवैध महुआ शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 24 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस टीम ने ग्राम पड़िगांव निवासी भरत यादव के घर में दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही वहां शराब पी रहे कुछ लोग मौके से फरार हो गए। मौके पर मौजूद भरत यादव से पूछताछ करने पर उसने अवैध महुआ शराब रखने और बेचने की बात स्वीकार कर ली । तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के मकान और बाड़ी से 24 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की। शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित

**रायगढ़।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण संचालनालयए छत्तीसगढ़ एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं संगठन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन एवं नामांकन की प्रक्रिया भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध है। यह पुरस्कार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए समाज कल्याण विभागए रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### सिविल सेवा परीक्षा में सफलता पर मिलेगा प्रोत्साहन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सिविल सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले पात्र दिव्यांग अभ्यर्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य दिव्यांग प्रतिभाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करना तथा आगामी तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना हैए जिससे वे प्रशासनिक सेवाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

### जिले में 237.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 9 जुलाई तक 237.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 355.1 मिली मीटर, पुसौर में 228.4, खरसिया में 209.2, घरघोड़ा में 150.8, तमनार में 342.4, लैलूंगा में 209.6, मुकडेगा में 164.8, धरमजयगढ़ में 158.3, छाल में 215.8 एवं कापू में 341 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पालना सहायिका के रिक्त पद हेतु 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत स्वीकृत पालना केंद्र आंगनबाड़ी सह क्रेच संचालन के लिए पालना सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र प्रेमनगर, वार्ड क्रमांक.28 में 01 पालना सहायिका के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिला आवेदिकाएं 23 जुलाई तक विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत दिशा.निर्देश, पात्रता एवं नियम.शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

### 423 शौचालयों के लिए 50.76 लाख की स्वीकृति

**सारंगढ़।** जिले में ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण करते हुए विकासखंड बिलाईगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 423 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण हेतु 50.76 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रदान की गई है। इससे पात्र परिवारों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित स्वच्छता सुविधा उपलब्ध होगी तथा जिले में खुले में शौच की पुनरावृत्ति रोकने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

## झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवती ने 7 जुलाई को पूंजीपथरा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अक्टूबर 2025 में उसकी पहचान शेखर बघेल से हुई थी।



परिचय के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और आरोपी ने प्रेम का इजहार करते हुए शादी करने तथा जीवनभर साथ निभाने का वादा किया। 22 दिसंबर 2025 को आरोपी उसे अपने गेरवानी स्थित घर ले गया, जहां पत्नी बनाकर साथ रखने का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती ने विवाह करने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा और बाद में उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। शिकायत के आधार पर पूंजीपथरा थाना में धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की। पीड़िता का चि कि त सी य परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और शेखर बघेल निवासी गेरवानी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# 6 आदेश, 1 नोटिस, फिर भी नहीं हिले अधिकारी ढाई साल से जिपं में जमे अतिरिक्त सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अगर शासन के आदेशों की यही हैसियत है कि उन्हें महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक नजरअंदाज किया जा सके, तो फिर प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल उठना लाजिमी है। रायगढ़ जिला पंचायत में दस्थ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीला राम पटेल का मार्च 2024 में तबादला होने के बावजूद आज तक कार्यमुक्त नहीं होना यही दर्शाता है। हैरत की बात यह है कि एक नहीं, दो नहीं, बल्कि स्थानांतरण आदेश, भारमुक्ति निर्देश, रिमाइंडर, एकतरफा ज्वाइनिंग आदेश और कारण बताओ नोटिस सहित छह बार शासन स्तर से कार्रवाई होने के बाद भी अब तक आदेश जमीन पर लागू नहीं हो सके।



इस संबंध में मिली जानकारी और हरिभूमि को मिले दस्तावेजों पर नजर डालें तो अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलाराम पटेल का 12 मार्च 2024 को मंत्रालय द्वारा रायगढ़ से बीजापुर स्थानांतरण कर दिया गया था। इसके बावजूद करीब 28 महीने बाद भी वे रायगढ़ जिला पंचायत में उसी पद पर कार्यरत हैं।

हैरानी की बात यह है कि शासन ने केवल स्थानांतरण आदेश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की। जब आदेश का पालन नहीं हुआ तो 29 अक्टूबर 2024 को भारमुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद 27 नवंबर 2024 को रिमाइंडर जारी हुआ। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामला यहीं नहीं रुका और 20 जनवरी 2025 को विकास आयुक्त कार्यालय ने एकतरफा आदेश जारी कर नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग के निर्देश दिए। इसके बावजूद अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया तो 18 सितंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बाद में 26 नवंबर 2025 को फिर एक पत्राचार कर आदेशों के पालन के निर्देश दिए गए। सूत्र बताते हैं कि तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने इस दौरान उन्हें कार्य भार मुक्त नहीं किया और आज भी जिला पंचायत यही गलती दोहरा रहा है।

### प्रशासनिक अनुशासन पर भी सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मंत्रालय, विकास आयुक्त और शासन के लगातार छह आदेशों का पालन नहीं हुआ, तो आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है? यदि किसी सामान्य कर्मचारी द्वारा स्थानांतरण आदेश की अवहेलना की जाती, तो तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई हो जाती। लेकिन इस मामले में आदेशों के बावजूद अधिकारी आज भी रायगढ़ में पदस्थ हैं। यह मामला प्रशासनिक अनुशासन पर भी सवाल खड़ा करता है। क्या किसी अधिकारी को शासन के आदेशों की अनदेखी करने की खुली छूट है। यदि नहीं, तो फिर छह आदेशों और कारण बताओ नोटिस के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई। अब निगाहें शासन पर टिकी हैं कि वह इस पूरे मामले में जिम्मेदारी तय करता है या फिर यह फाइल भी सरकारी रिकॉर्ड में दबकर रह जाएगी।

इस संबंध में आदेश तो जारी किया गया था। इसके बाद किस वजह से ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है, यह देखना होगा। विधानसभा सत्र पूरी होने के बाद इस मामले में उचित कार्रवाई की जा सकेगी।
वीपी तिर्की
अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर

उनका ट्रांसफर तो हुआ था, लेकिन अभी इस मामले में क्या हो रहा है मुझे इसकी जानकारी नहीं है। चूंकि यह मामला मेरे आने से पहले का है। ऐसे में देखना होगा कि क्या चल रहा है।
अभिजीत पठारे, सीईओ
जिला पंचायत रायगढ़

## 300 किलो गांजा तस्करी का मास्टर माइंड गिरफ्तार कार समेत सवा 10 लाख की संपत्ति की गई जब्त

**रायगढ़।** पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब गांजा तस्करी के मुख्य मास्टरमाइंड शुभम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले माह 300 किलो गांजा बरामदगी के मामले में फरार चल रहा था। संयुक्त कार्रवाई में साइबर थाना और लैलूंगा पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) एवं 29 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 5 जून को उड़ीसा से मध्यप्रदेश ले जाई जा रही करीब 300 किलो गांजा की खेप जब्त की गई थी। इस कार्रवाई में तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 1.86 करोड़ मूल्य का गांजा, दो चारपहिया वाहन और मोबाइल फोन बरामद किया गया था। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पूरे तस्करी नेटवर्क का संचालन शुभम यादव के साथ मिलकर किए जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद साइबर थाना और लैलूंगा पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। तकनीकी




विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। इसी बीच 8 जुलाई को सूचना मिली कि आरोपी रायगढ़ क्षेत्र में मौजूद है।

# लेन-देन के विवाद में युवक से मारपीट कर वाहन लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**घरघोड़ा पुलिस ने की कार बरामद, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में रुपए के लेन-देन के विवाद ने लूट का रूप ले लिया। युवक से मारपीट कर उसकी कार लेकर फरार हुए आरोपी को घरघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख की कार बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम भेण्ड्रा निवासी गजपति राम राठिया ने थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में उसके परिवार ने अपनी पैतृक भूमि का सौदा बिलाल अहमद से 7 लाख रुपये में किया था। इस दौरान आरोपी ने साढ़े 3 लाख रुपये अग्रिम दिए थे, लेकिन बाद में जमीन खरीदने से इनकार करते हुए अपनी अग्रिम राशि वापस मांगने लगा। इसी बीच उसने परिचय का लाभ उठाकर प्रार्थी की कार ले ली और करीब 7 महीने तक अपने कब्जे में रखी। बाद में प्रार्थी के 2.50 लाख रुपये लौटाने पर आरोपी ने कार वापस की, लेकिन 1 लाख रुपये बकाया रहने के बावजूद वह 10 लाख पये की मांग करते हुए लगातार दबाव बना रहा था। बीते 6 जुलाई को कारगिल चौक, घरघोड़ा में गजपति अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान बिलाल अहमद वहां पहुंचा और बकाया रकम को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज एवं मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने जबरन कार की चाबी छीन ली और कार लेकर फरार हो गया।



## उल्लास भारत कार्यक्रम में जोड़े जाएंगे सभी अशिक्षित को, कोई शिक्षा से न हो वंचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यों, सुशासन और सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शनए कलेक्टर जनदर्शन जैसे अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से लेकर पूर्ण कार्यों क्रो नस्तीबद्ध और अधूरे कार्यों क्रो समय सीमा में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उल्लास भारत कार्यक्रम में जिले के सभी अशिक्षित नागरिकों क्रो जोड़े, कोई भी शिक्षा से वंचित न हो। कुपोषण मुक्त जिला अभियान में शामिल अधिकारी अपने कार्य के साथ चयनित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के कुपोषण की रिपोर्टिंग करें। सभी विभाग ईऑफिस में फाइल मुवमेंट शीघ्र करें।

बैठक में कलेक्टर ने धरती आबा, पीएम आदर्श ग्राम, सुगघर छत्तीसगढ़, पीएम आवास, आयुष्मान, सेवा सेतुए स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास ग्रामीण और शहरी, हर घर जलए जल आवर्धन, जल जीवन मिशन, वीबीजीरामजी, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र आदि के प्रगति की समीक्षा की।

# आशाकर्मियों ने की नियमित वेतन और सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय स्वास्थ्य के अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं ने नियमित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सेवा संबंधी सुविधाएं लागू करने की मांग को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष 17 सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया है। आशा कर्मियों का कहना है कि वर्षों से स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी होने के बावजूद उन्हें आज भी कर्मचारी का दर्जा और नियमित वेतन नहीं मिल पा रहा है। वे केवल विभिन्न योजनाओं के आधार पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि यानी इंसेंटिव पर कार्य करने को मजबूर हैं।

मांगपत्र में कहा गया है कि जिला सहित प्रदेश भर मे आशा कार्यकर्ता ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशुओं की निगरानी, टीकाकरण, पोषण संबंधी जागरूकता, स्वच्छता अभियान, प्राथमिक उपचार, मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना, परिवार नियोजन, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने जैसे अनेक कार्य आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाते हैं। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सामाजिक कल्याण और अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।



### दुर्घटना पर मुआवजा व सेवानिवृत्ति की मांग

आशा कर्मियों ने ईपीएफ और ईएसआई का लाभ, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, सेवा के दौरान दुर्घटना अथवा सामान्य मृत्यु की स्थिति में 5 लाख रुपये का मुआवजा तथा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि देने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा अनुभवी आशा कार्यकर्ताओं को टीकाकरण का प्रशिक्षण देकर एएनएम और फेसिलिटेटर पदों पर पदोन्नति, वर्ष में दो बार यूनिफॉर्म अथवा ड्रेस भत्ता, प्रतिमाह धुलाई भत्ता, टीकाकरण कार्य का मानदेय बढ़ाकर 1 हजार प्रतिदिन करने की मांग की है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय ने थाना जूटमिल में दर्ज पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी दिलखुश कुमार को दोषी करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने बताया कि पीडिता की माता ने थाना जूटमिल में शिकायत दर्ज कराया था कि वह घरेलू काम काज कर अपना जीवन यापन करती है। उसके तीन बच्चे है उसकी बडी पुत्री पीडिता की उम्र 15 वर्ष 06 माह है। उसकी पुत्री पीडिता 01 अगस्त 2025 को दोपहर करीबन 01.00 बजे अपनी सहेली के घर जाने की बात कह कर घर से निकली थी, जो वापस घर नहीं आई ।

